

## माथे पर तिलक, गोद में दुलार व अन्नप्राशन संस्कार भावुक कर गया मुख्यमंत्री का यह अंदाज

**कुशीनगर।** शिलान्यास, लोकार्पण और विकास योजनाओं की घोषणाओं के बीच तमकुहीराज का कार्यक्रम उस समय भावनाओं से भर उठा, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बच्चों के बीच पहुंचे और उनके साथ आत्मीय पल बिताए। यह दृश्य आकर्षण का केंद्र और चर्चाओं का विषय रहा। कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल और प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान सीएम योगी बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत की, उनके मॉडल और नवाचारों की जानकारी ली तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री के सहज और स्नेहपूर्ण व्यवहार से बच्चे भी बेहद उत्साहित नजर आए।



इस दौरान सबसे मार्मिक दृश्य तब सामने आया जब मुख्यमंत्री ने एक नन्हे बच्चे को अपनी गोद में उठा लिया। बच्चे के माथे पर तिलक लगाकर उसे आशीर्वाद दिया और पारंपरिक अन्नप्राशन संस्कार में भी सहभागिता निभाई। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से बच्चे को अन्न ग्रहण कराया और उसके स्वस्थ, सुखी एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की। यह दृश्य देखते ही पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने अन्य बच्चों को भी दुलारा, उनसे बातचीत की और उनके अभिभावकों से हालचाल जाना। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का कहना था कि मुख्यमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार ने सरकारी आयोजन को पारिवारिक माहौल में बदल दिया। सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल के बीच बच्चों के प्रति सीएम योगी का अपनापन लोगों के दिलों को छू गया।विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ-साथ बच्चों के प्रति मुख्यमंत्री का यह स्नेहिल व्यवहार पूरे कार्यक्रम की सबसे चर्चित तस्वीर बन गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

**परसरामपुर, बस्ती।** ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को क्षेत्र के उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा श्रृंगीनारी में बालाजी महाराज हनुमान जी का विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। इस भण्डारे में सैकड़ों की संख्या में सनातन श्रृद्धालुओं एवं श्री हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में परसरामपुर बाजार, मखौड़ा धाम, बेदीपुर बाजार में बालाजी महाराज जी का भण्डारे का आयोजन हुआ।

### सड़क सुरक्षा अभियान का असर, दुर्घटनाओं में आई कमी


**महराजगंज।** जनपद में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों, यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन, प्रवर्तन कार्रवाई तथा ब्लैक स्पॉट चिन्हीकरण एवं सुधारात्मक उपायों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों की तुलना में अप्रैल और मई में सड़क दुर्घटनाओं तथा दुर्घटना जनित हताहतों की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। 1 जनवरी 2026 से 31 मई 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 192 सड़क दुर्घटनाओं के मुकदमे दर्ज किए गए। इन हादसों में 122 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि 116 लोग घायल हुए। माहवार आंकड़ों के अनुसार जनवरी में 41, फरवरी में 40, मार्च में 49, अप्रैल में 30 तथा मई में 32 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। वहीं जनवरी में 22, फरवरी में 19, मार्च में सर्वाधिक 32, अप्रैल में 27 तथा मई में 22 लोगों की मृत्यु हुई। आंकड़ों से स्पष्ट है कि मार्च के बाद दुर्घटनाओं और मौतों की संख्या में कमी आई है, जो सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

### शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बस्ती।** ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शहर के कंपनी बाग स्थित शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित भव्य भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देर शाम तक चले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान श्रीराम एवं भोलेनाथ का गुणगान करते रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों और सुंदर भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ÷जय श्री राम÷ और ÷बम-बम भोले÷ के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजन-कीर्तन में भाग लिया तथा भगवान के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश अरोरा ने बताया कि ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व होता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर श्रद्धा, सेवा और भक्ति भाव से किए गए धार्मिक आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयप्रकाश अरोरा, हिमांशु सेन, राजू विश्वकर्मा, अब्दुल्लाह अंसारी, पवन मल्होत्रा, सुदर्शन, मनमोहन, हर्ष कालरा, सचिन, सुदर्शन कुमार, संचित, साहब सचदेवा, सनी सचदेवा, चिंटू, विमल अरोरा, शशि अरोरा, लक्ष्मी अरोरा, रूमी बाधवा, मनिंदर कौर, वीना, सानू, रिप्पो सचदेवा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास, सुशासन व रोजगार को नई गति देंगी योजनाएं : सीएम

**मुख्यमंत्री ने 278 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास, महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि तथा कृषि महाविद्यालय की सौगात से पूर्वांचल को मिलेगी नई पहचान**





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कुशीनगर के विधानसभा क्षेत्र तमकुहीराज एवं फाजिलनगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान 424.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार एवं प्रस्तावित 278 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 91 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 186 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाएं गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला एवं वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। बेहतर आधारभूत संरचना, सुदृढ़ सड़क संपर्क, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा रोजगार के अवसर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर प्रकृति एवं अध्यात्म की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। यह भगवान श्रीराम के पुत्र कुश द्वारा बसाई गई प्राचीन कुशावती नगरी है तथा भगवान बुद्ध ने इसे अपनी महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में चुना था।

उन्होंने कहा कि जनपद में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं युवाओं के लिए आधुनिक शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी मिलेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि तमकुहीराज स्थित गन्ना बीज संस्थान परिसर में आधुनिक कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं किसानों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पूर्वांचल एवं कुशीनगर की उपेक्षा की जाती थी, जबकि वर्तमान सरकार ने क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। आज कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित हो रहा है, मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जा चुका है तथा लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद के लगभग 9 लाख नागरिक आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हजारों पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुसहर एवं वनटांगिया सहित वंचित वर्गों के लिए आवास योजनाओं के अंतर्गत जनपद में लगभग 90 हजार आवासों का निर्माण कराया गया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण-पत्र, स्वीकृति-पत्र एवं अन्य सहायता सामग्री वितरित की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए ताकि जनता को उनका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी और प्रदेश सरकार कुशीनगर को विकास की मुख्यधारा में अग्रणी स्थान दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सांसद गोरखपुर रविकिशन शुक्ला, संसद देवरिया कुशीनगर आंशिक- शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक तमकुहीराज डॉ0 असीम कुमार राय, कुशीनगर पीएन पाठक, फाजिलनगर सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, पडरौना मनीष जायसवाल, खडडा विवेकानंद पांडेय, हाटा मोहन वर्मा, दर्ज प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, बाल्टी बाबा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फुलब्दन कुशवाहा,पूर्व विधायक नंदकिशोर मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, सहित अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।





### बीडीओ से सफाईकर्मी की हुई शिकायत

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** क्षेत्र पंचायत सदस्य ने अपने ही गांव के सफाईकर्मी पर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। श्रवण कुमार गुप्ता पुत्र विपत निवासी दहारी पट्टी ने गांव में नियुक्त सफाईकर्मी पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले भी शिकायत की गई थी किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे शासन की भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था सवालों के घेरे में है। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो बीडीओ कार्यालय पर धरना दूंगा। बीडीओ रवि कुमार रंजन ने बताया कि एडीओ पंचायत ने की जांच की थी। जिसमें आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई थी। पुनः शिकायत मिला है इसके बाद दुबारा जांच कराया जायेगा। आरोप सही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

## पुल निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महाराजगंज।** सदर विकास खंड के ग्राम सभा मटिहानिया चौधरी में सोमवार को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने नारियल फोड़कर बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। क्षेत्रीय जनता और किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। पुल निर्माण से आसपास के कई गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ-साथ किसानों की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या का भी समाधान होगा।

विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार गांव, गरीब, किसान और आमजन के जीवन को आसान बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विकासोन्मुखी सोच के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।



इस अवसर पर ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रधान गौतम पटेल, प्रधान मटिहानिया अच्छेवर, प्रजापति गोपाल पटेल, बबलू पटेल, नरेंद्र पटेल, राम आशीष गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** भाजपा जिला कार्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए तमाम फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। यह जनसुनवाई मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष भानु प्रकाश मिश्र और जिला महामंत्री प्रेम प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

जनसुनवाई के साथ ही एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भी आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कि सरकार की नीतियां हमेशा से विकास और सुशासन पर केंद्रित रही हैं, जिसे जनता का लगातार भरपूर समर्थन मिल रहा है, बैठक के दौरान सरकार द्वारा पिछले वर्षों में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाई गई। जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही, संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी अभियानों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से ले जाने की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष विक्रम सिंह, वीरेन्द्र गौतम, अखण्ड प्रताप सिंह, दिलीप पांडेय, ब्रह्मदेव यादव, शालिनी मिश्रा एवं शिवानी सिंह, जिला महामन्त्री अमृत कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार गौतम, जिला मंत्री में राकेश शर्मा, सुनील सिंह, राकेश शर्मा, राजेन्द्र राजभर, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, सुधाकर पांडेय, विनय सिंह भारद्वाज एवं प्रदीप निषाद, मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह, नीरज त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## डीएम ने किया रामग्राम परियोजना का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने मंगलवार को चौक स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर एवं रामग्राम परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को मंदिर परिसर में यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने सोनाड़ी देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पाथवे निर्माण और समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक लाइटें स्थापित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।



इसके पश्चात उन्होंने रामग्राम परियोजना का निरीक्षण किया। परियोजना कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना की अगली किश्त जारी कराने के लिए पर्यटन विभाग से आवश्यक पत्राचार करने को कहा। उन्होंने परियोजना के तहत निर्माणाधीन सरोवर की गहराई बढ़ाने के लिए अतिरिक्त खुदाई कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि रामग्राम परियोजना जनपद की पर्यटन संभावनाओं को नई पहचान देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, पर्यटन अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, जूनियर इंजीनियर यूपीपीसीएल सुनील मौर्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 49 पर गुंडा एक्ट व 11 पर गैंगस्टर की हुई कार्यवाही

**महराजगंज।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध महराजगंज पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अप्रैल और मई 2026 के दौरान विशेष अभियान चलाकर व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान के तहत जनपद पुलिस ने विभिन्न थानों के माध्यम से अपराध में संलिप्त तथा समाज में भय और आतंक का वातावरण उत्पन्न करने वाले 49 अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इसके अलावा संगठित रूप से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त चार गैंगों के 11 अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की गई। एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** पांडेय बाजार बांसी रोड पर मंगलवार को राज्यकर विभाग के तत्वावधान में व्यापारी संवाद कार्यक्रम हुआ। इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपने समस्याएं रखी, जिनके निदान के साथ अधिकारियों ने व्यापारियों को राजस्व बढ़ाने सहित जीएसटी पंजीकरण व अन्य कार्यों में सरलीकरण के लिए सुझाव दिए। व्यापारी संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जीएसटी डीसी प्रभाकर सरोज जी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीसी प्रभाकर सरोज ने व्यापारियों से वार्ता करते हुए जीएसटी देकर आर्थिक रूप से देश को मजबूत बनाने में उनकी बड़ी भूमिका बताई।

इस दौरान ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन, व्यापार मंडल सहित तमाम व्यापारी भाइयो ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभी अपने व्यापार और जीएसटी को लेकर अपने सवाल किए, जिसके सुझाव भी जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों को दिए।व्यापारी संवाद कार्यक्रम में पंजीयन, रिटर्न दाखिल, टीडीएस, टीसीएस व्यवस्था, जीएसटी 2.0 सुधार, समाधान योजना, मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना तथा ईंट भट्ठों पर कर देयता से संबंधित विधिक प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में प्रभाकर सरोज ने मुख्य संवाद सत्र में व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान पर चर्चा की। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के महेश चंद उपयुक्त खंड 3, अमरजीत राज्य कर अधिकारी खंड 1, उमेश कुमार राव राज्यकर बस्ती, गौरव खरे राज्यकार खंड 1, अनुज कुमार राज्य कर सहित जनपद के समस्त अधिकारीगण एवं एडोकेट सुरेन्द्र जायसवाल, वीरेन्द्र जायसवाल, अच्युत अग्रवाल, शिवम जायसवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में व्यापारी नेता गौरव गुप्ता विक्की, गिरधारी लाल साहू, दिनेश जायसवाल, केदार अग्रवाल, राजेश गुप्ता, सन्नी जायसवाल, सागर गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।



# 'विश्व पर्यावरण दिवस' अभियान में एलईडी एवं एसी के इष्टतम उपयोग के लिये किया जागरूक





**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रयागराज मंडल द्वारा दिनांक 15 मई, 2026 से 5 जून, 2026 तक 'क्लाइमेट चेंज' थीम पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 02.06.2026 को प्रयागराज मंडल में एलईडी लाइटों एवं एसी के इष्टतम उपयोग को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेल कर्मचारियों एवं आमजन को ऊर्जा संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया तथा आवश्यकतानुसार ही विद्युत उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि एलईडी लाइटों का उपयोग ऊर्जा की खपत कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही एसी के संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग से बिजली की बचत कर कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। अभियान के माध्यम से स्वच्छता, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त रेलवे परिसर तथा हरित वातावरण के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। प्रयागराज मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय रेल द्वारा चलाये जाने वाले अभियान के क्रम में प्रयागराज मण्डल में 15 मई से 5 जून 2026 तक व्यापक पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर जारी हैं । इन अभियानों के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं कार्यालय परिसरों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक उन्मूलन, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की रहे हैं। 'मिशन लाइफ' एवं 'विश्व पर्यावरण दिवस -2026' थीम के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाकर पोस्टर, बैनर एवं डिजिटल संदेशों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । यात्रियों एवं कर्मचारियों को पुनः उपयोग योग्य बोतलों, बैग एवं कंटेनरों के उपयोग तथा डिजिटल टिकटिंग एवं पेपरलेस यात्रा के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान के साथ साथ कचरा पृथक्करण एवं उचित निस्तारण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रहे है । IRCTC एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के सहयोग से जैव-अवक्रमणीय एवं गैर-प्लास्टिक सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है । रेलवे परिसरों में प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की समीक्षा, जल पुनर्भरण केन्द्रों का निरीक्षण तथा यात्रियों को अपनी पानी की बोतल साथ रखने और पुनः भरने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । साथ ही, रेलवे स्टेशनों पर विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित करने हेतु संवेदनशील बनाया जा रह है ।

प्रयागराज मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान के साथ रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं पार्कों में हरित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु विशेष प्रयास जारी हैं । 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत कपड़े एवं जूट के बैग तथा पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा दियाजा रहा है । इसके अतिरिक्त जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण, ऊर्जा संरक्षण प्रति भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## भइयां ग्राम पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर जांच टीम के सामने खुली विकास कार्यों की पोल





**स्वतंत्र भारत मेजा, प्रयागराज।** विकास खंड मेजा की ग्राम पंचायत भइयां में मनरेगा और ग्राम निधि के तहत हुए विकास कार्यों में करोड़ों रुपये के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच टीम के गांव पहुंचने पर फर्जीवाड़े की परतें खुलीं।

जांच टीम ने जब लाभार्थियों से मुलाकात की, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। लाभार्थी तौलन प्रसाद, सुनील कुमार और सुब्बा ने टीम को बताया कि उनके घरों के आंगन में लगे हैंडपंप का बोर उन्होंने अपने निजी पैसों से करवाया था। हालांकि, ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव ने कागजों में इसे सरकारी पैसे से रिबोर दिखाकर लाखों रुपये की निकासी कर ली। स्मृति उपवन निर्माण के नाम पर भी भारी गबन का मामला सामने आया है। जांच अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर न कभी बाउंड्री बनी और न ही पार्क का कोई नामोनिशान है। लाखों के भुगतान के बाद सिर्फ एक टीनशेड का गेट लगाया गया था, जो अब ध्वस्त पड़ा है। मामले के शिकायतकर्ता उमाशंकर ने बताया कि वह विगत दो वर्षों से मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को लगातार प्रार्थना पत्र दे रहे थे। लगातार प्रयासों के बाद अब जाकर जांच टीम गांव पहुंची है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही, सरकारी धन की रिकवरी भी सुनिश्चित की जाए।

## प्रयागराज मंडल रेल प्रशासन द्वारा अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग (ACP) के विरुद्ध निरंतर अभियान

**जनवरी 2026 से मई 2026 तक 1563 लोग गिरफ्तार**

**मई 2026 में 386 लोग गिरफ्तार**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल में ट्रेनों के सुचारू संचालन एवं यात्री सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग (ACP) की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अनावश्यक चेन पुलिंग न केवल गाड़ियों की समयबद्धता को प्रभावित करती है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी गंभीर रूप से खतरे में डालती है । इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2026 में 01 जनवरी, 2026 से 31 मई, 2026 तक कुल 1359 लोगों को अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग के विरुद्ध गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई ।

जनवरी 2026 : 274 लोग गिरफ्तार, फरवरी 2026: 244 लोग गिरफ्तार, मार्च 2026: 341 लोग गिरफ्तार, अप्रैल 2026: 318 लोग गिरफ्तार, मई 2026: 386 लोग गिरफ्तार

स्टेशन-वार गिरफ्तारियाँ (01 जनवरी - 31 मई, 2026) : कानपुर सेंट्रल: 232, टूंडला: 163, इटावा: 124, प्रयागराज जंक्शन: 112, अलीगढ़: 112, नैनी: 104, फतेहपुर: 102, मिर्जापुर: 88, फफूंद: 86, प्रयागराज छिवकी: 60, शिकोहाबाद: 58, सूबेदारगंज: 52, मानिकपुर: 49, हाथरस: 36,जीएमसी: 35, चुनार: 34, फिरोजाबाद: 31, खुर्जा: 26,दादरी: 25, पनकी धाम: 20, कानपुर अनवरगंज: 14 लोग गिरफ्तार किये गये।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान अनावश्यक चेन पुलिंग से बचें। यह एक दंडनीय अपराध है, जिसमें जुमार्ना एवं कारावास दोनों का प्रावधान है। इसके दुरुपयोग से यात्रियों को असुविधा होती है तथा ट्रेनों की समयबद्धता और सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। रेल प्रशासन अनावश्यक चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध निरंतर अभियान चला रहा है और पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। प्रयागराज मंडल यात्रियों के सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा इसके लिए यात्रियों के सहयोग की अपेक्षा भी करता है ।

## पत्नी की हत्या से हड़कम्प, पति पर गला दबाकर हत्या का आरोप



**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में महेवाघाट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत घोघपुर गांव में रविवार सुबह एक महिला की हत्या की सूचना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। ग्राम प्रधान द्वारा सुबह करीब 7 बजे पुलिस को सूचना दी गई कि गांव निवासी शिव भोला निषाद ने अपनी पत्नी माया देवी (45) की गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही महेवाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन, पंचनामा समेत आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। घटना की गम्भीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस की प्रारम्भिक जांच और परिजनों व ग्रामीणों से पूंछताछ में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि रात के दौरान पति ने पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर महेवाघाट थाने में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण के निर्देश पर तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने मामले में वीडियो बयान जारी कर घटना के शीघ्र खुलासे का भरोसा दिलाया है।

## दहेज उत्पीड़न मामले में पति और सास को राहत देने से इंकार, न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी ने खारिज की याचिका

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न, स्त्रीधन हड़पने के आरोपों से जुड़े मामलों में पति और सास को राहत देने से इन्कार कर दिया है। कहा कि सास के खिलाफ स्त्रीधन वापस न करने और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनकी सत्यता का निर्धारण साक्ष्यों के आधार पर ट्रायल के दौरान ही किया जा सकता है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी की एकल पीठ ने मुकदमे की पूरी कार्यवाही रद करने की मांग में दायर याचिका खारिज कर दी। गाजियाबाद के टीला मोड़ थाने में याची गीता और अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व अन्य आरोप में प्राथमिकी दर्ज है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दो फरवरी 2012 को विवाह के बाद से ही उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। उसके साथ मारपीट की गई, मानसिक उत्पीड़न किया गया और उसका स्त्रीधन वापस नहीं किया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसे घर से निकाल दिया गया और धमकी दी गई। पति और उसकी मां ने मुकदमे की कार्यवाही रद करने की मांग की थी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी है कि प्राथमिकी झूठी और दुर्भावनापूर्ण है। महिला अपनी इच्छा से घर छोड़कर गई थी। यह मुकदमा प्रतिशोध की भावना से दर्ज कराया गया है। हालांकि, राज्य सरकार और शिकायतकर्ता पक्ष ने मामला 6 याचिका का विरोध किया। कहा कि प्राथमिकी में संज्ञेय अपराधों का स्पष्ट उल्लेख है। जांच के दौरान जुटाई गई सामग्री भी आरोपों का समर्थन करती है। कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते समय अदालत का कार्य साक्ष्यों का मूल्यांकन करना या 'मिनी ट्रायल' करना नहीं है। यदि प्राथमिकी और उपलब्ध सामग्री प्रथम दृष्टया अपराध का संकेत देती है तो कार्यवाही को इस स्तर पर रद्द नहीं किया जा सकता।

## संगम तट पर भव्य वीआईपी आरती का आयोजन श्रद्धालुओं ने लिया आध्यात्मिक अनुभूति का लाभ



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयागराज के पावन संगम तट पर सायंकाल भव्य वीआईपी गंगा आरती का आयोजन किया गया। संगम के मध्य बने विशेष फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म पर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद एवं दीपों की दिव्य आभा के बीच आरती संपन्न हुई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। आरती में विद्वान आचार्यों एवं बटुकों ने मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान दीपों की जगमगाहट और संगम की लहरों पर पड़ती रोशनी ने मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की।

संगम तट पर आयोजित इस विशेष आरती को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उपस्थित रहे। आयोजन स्थल को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजकों ने बताया कि वीआईपी आरती का उद्देश्य संगम आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। संध्या बेला में संगम की पावन धारा के बीच संपन्न हुई यह आरती श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गई।

## नियमों को ताक पर रखकर दो विद्यालयों के मध्य खुली शराब की दुकान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में सिराथू तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मलाक पिंजरी गांव में देशी शराब की दुकान आवन्टित की गयी है। लेकिन यह दुकान दो विद्यालयों मातृभूमि इण्टर कॉलेज व हरीशंकर इण्टर के मध्य में नियमों की अनदेखी कर बिना किसी रोक टोक के संचालित हो रही है लेकिन सरकारी नियमों के अनुसार कोई भी शराब निषेध वस्तु की दुकानें स्कूल कॉलेजों के आस पास संचालित नहीं होनी चाहिये। इसके अलावा दुकान को निर्धारित समय से पहले खोले जाने का मामला भी सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह शराब की दुकान सुबह लगभग 5 बजे से ही खुल जाती है, जबकि शासन द्वारा निर्धारित समय सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक बताया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह-सुबह शराब की बिक्री शुरू होने से गांव का माहौल खराब हो रहा है तथा आने-जाने वाले लोगों, महिलाओं व बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि नियमों की अनदेखी कर खुलेआम शराब बिक्री की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं आबकारी विभाग से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किये जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि सम्बन्धित अधिकारी इस मामले को कितनी गम्भीरता से लेते हैं और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए क्या कदम उठाते हैं। इस बावत जिला आबकारी अधिकारी से फोन द्वारा बात करने की कोशिश की गयी लेकिन बात नहीं हो पायी है।

## जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में एन.आई.सी. सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर विगत माह में ऑंगनबाड़ी केन्द्रों के खुलने की स्थिति की समीक्षा के दौरान कुछ ऑंगनबाड़ी केन्द्र आउट ऑफ जियो फेंस पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सी.डी.पी.ओ. को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सी.डी.पी.ओ. एवं मुख्य सेविकाओं से सैम/मैम बच्चों की संख्या/पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराये जाने एवं उनका फॉलोअप की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सैम बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाये। उन्होंने कहा कि सैम/मैम बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धितों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी सी.डी.पी.ओ. से कहा कि शत-प्रतिशत होम विजिट एवं पुष्टाहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने निमार्णाधीन ल्लुं केन्द्रों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को शेष आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## प्रयागराज में एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** साउथ मलाका स्थित एक मकान में पिता, मां और बेटी के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। कई दिनों से मकान से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया तो तीनों शव अलग-अलग कमरों में मिले। मृतकों की पहचान वीरेंद्र कुमार वैश्य, उनकी पत्नी मीनाक्षी और बेटी के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। घर का दरवाजा बाहर से बंद मिलने के कारण मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुटी है।

## सोरांव में बाबासाहेब की मूर्ति तोड़े जाने पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा





**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** सोरांव विधानसभा के नसरतपुर गाँव में बीति रात को अराजक तत्वों ने कायरतापूर्ण हरकत करते हुए डॉ. भीमराव आंबेडकर पब्लिक स्कूल के पास स्थापित परम पूज्य बाबासाहेब की प्रतिमा को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है और स्थानीय जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है।घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचा। जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार के अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और जनमानस में फैले भारी गुस्से व आक्रोश को देखते हुए प्रशासन द्वारा नई मूर्ति लगवाई गई।अशफाक अहमद ने सभी को शांत कराया और न्याय का आश्वासन दिया।प्रशासन और सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए अशफाक अहमद ने कहा कि भाजपा शासनकाल में आए दिन बाबासाहेब की मूर्तियों को तोड़ना एक आम बात हो गई है। भाजपा को बाबासाहेब और भारत के संविधान से इतनी नफरत क्यों है? यह हमला सिर्फ बाबासाहेब की मूर्ति पर नहीं,बल्कि देश के संविधान पर हमला है।कांग्रेस नेताओं ने दो टूक शब्दों में प्रशासन को चेतावनी दी है कि कांग्रेस पार्टी इस कृत्य पर चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने मांग की कि समय रहते सरकार बाबासाहेब की मूर्ति पर हमला करने वाले अराजक तत्वों को तुरंत गिरफ्तार करे और उनके घरों पर बुलडोजर चलवाए। कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं की गई,तो पार्टी इस अन्याय के खिलाफ अपनी लड़ाई और आंदोलन जारी रखेगी।अहमद ने सरकार की लचर कानून व्यवस्था पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में महापुरुषों की मूर्तियों को निशाना बनाना अब आम बात हो चुकी है। हम पूछना चाहते हैं कि भाजपा को बाबासाहेब और भारत के पवित्र संविधान से इतनी नफरत क्यों है? याद रहे यह सिर्फ मूर्ति पर हमला नहीं है।बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान की आत्मा पर सीधा वार है।इस अवसर पर जिला महासचिव सुनील पाण्डेय वाररुम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष डा.अमर सिंह पटेल, मनोज पासी,शिव प्रसाद मौर्या, सन्तोष कुमार, रत्नेश कुमार, मनीष वर्मा,अमित कुमार, अखिलेश कुमार, सुधांशु वर्मा, हिमांशु वर्मा, राजकुमार वर्मा, रतन वर्मा, सनी यादव, पुनीत कुमार, आशीष वर्मा, सिद्धार्थ गौतम, धीरेंद्र कुमार यादव, धीरेंद्र कुमार, अमरेंद्र कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

## मेजा ऊर्जा निगम ने कोहड़ार में चलाया स्वच्छता अभियान 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत बाजार और आसपास के क्षेत्रों की सफाई





**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड (एमयूएनपीएल ) ने भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कोहड़ार क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत यह पहल स्थानीय पुलिस चौकी तिराहा, सब्जी मंडी और आसपास के क्षेत्रों में की गई।यह अभियान 16 मई से 31 मई, तक 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य न केवल क्षेत्र की साफ-सफाई सुनिश्चित करना था, बल्कि स्थानीय समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ वातावरण के महत्व को रेखांकित करना भी था। इस अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें विभागाध्यक्ष मानव संसाधन विवेक चन्द्रा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन मनोज बर्मा और मुस्कान के महासचिव डॉ. प्रशांत शुक्ला शामिल थे, उपस्थित रहे। कोहड़ार पुलिस चौकी के प्रभारी, पुलिसकर्मी, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान बाजार परिसर, सब्जी मंडी और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की गहन साफ-सफाई की गई। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित जनसमूह को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। मेजा ऊर्जा निगम का मानना है कि स्वच्छता एक स्वस्थ और विकसित समाज की आधारशिला है। जन-जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता और निरंतर प्रयासों के माध्यम से ही स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण का निर्माण संभव है। निगम का लक्ष्य है कि समाज के सभी वर्ग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर एकजुटता से कार्य करें, जिससे स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

यह पहल केवल भौतिक स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मक नागरिक चेतना को भी प्रोत्साहित करने का एक सशक्त प्रयास है। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश प्रदान करता है।

## रुझान जता रहे निवेशकों की सतर्कता

**स्वतंत्र भारत वाराणसी।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) उन आम और छोटे निवेशकों के लिए एक बेहद महत्त्वपूर्ण जरिया बना हुआ है, जो म्यूचुअल फंड के माध्यम से लंबे समय में बड़ी संपत्ति या फंड बनाना चाहते हैं। इंडस्ट्री के आंकड़ों से पता चलता है कि वाराणसी में एसआईपी रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोगों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। यह आंकड़ा दिसंबर 2025 में 1.46 प्रतिशत था, जो मार्च 2026 में बढ़कर 1.50 प्रतिशत हो गया। यह बढ़ोतरी यह दशार्ती है कि शेयर बाजार में चल रहे उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों का भरोसा डिगा नहीं है और वे लगातार बाजार में अपनी भागीदारी को बनाए हुए हैं।

निवेशकों के बदलते व्यवहार पर टाटा एसेट मैनेजमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, प्रथित भोबे ने कहा, 'निवेश में उतार-चढ़ाव आना तय है–लेकिन उस पर तुरंत प्रतिक्रिया देना आपके हाथ में है। टाटा म्यूचुअल फंड में हमारा मानना है कि लंबे समय का मुनाफा इस बात से तय नहीं होता कि बाजार कैसा चल रहा है, बल्कि इस बात से तय होता है कि उस माहौल में निवेशक कैसा व्यवहार करते हैं। सही तरीके से और लगातार निवेश करते रहना ही सफल निवेश की सबसे बड़ी कुंजी है।

# डीएम ने की जल निगम, सिंचाई, बाढ़ खंड व नलकूप विभाग की समीक्षा

## परियोजनाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल संसाधन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में जल निगम (ग्रामीण एवं शहरी), बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग तथा नलकूप विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय परियोजनाओं एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। उन्होंने सभी विभागों को अपनी योजनाओं एवं परियोजनाओं का ब्लॉकवार प्रगति विवरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।जल निगम (ग्रामीण एवं शहरी) की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के उपरांत सड़कों का रिस्टोरेशन प्रत्येक दशा में समय से कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही पेयजल परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।बाढ़ खंड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जलस्तर एवं वर्षा संबंधी आंकड़ों का नियमित प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कटानरोधी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर 15 जून से पूर्व पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नहरों का पानी अंतिम छोर (टेल) तक पहुंचे, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नहरों का ब्लॉकवार विवरण तैयार रखने तथा सिल्ट सफाई समय समय पर कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 57 नहरें संचालित हैं। नलकूप विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी राजकीय नलकूपों को क्रियाशील स्थिति में रखने तथा किसानों तक सिंचाई सुविधा सुचारु रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने यांत्रिक एवं विद्युत खराबी के कारण बंद नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराने तथा नए नलकूपों की स्थापना एवं पुराने नलकूपों के मरम्मत से जुड़े कार्य परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जल संसाधन से जुड़े सभी विभाग किसानों एवं आमजन के हितों से सीधे जुड़े हुए हैं। इसलिए विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता बाढ़ राधेश्याम प्रसाद, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता नलकूप, जल निगम के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग पर डीएम का एक्शन, अधिकारियों की लगी क्लास

**बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की। जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का आकलन किया। बैठक में जनवरी से अब तक के चार माह की रैंकिंग की समीक्षा की गई, जिसमें कई विभागों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त योजना, ग्राम्य विकास, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जननी सुरक्षा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण अभियान तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रैंकिंग 'सी' श्रेणी में पाई गई। वहीं कृषि विभाग के प्रीमियम आईडी, पंचायती राज विभाग और नई सड़कों के निर्माण कार्य की रैंकिंग 'बी' श्रेणी में दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कई महत्वपूर्ण योजनाओं की रैंकिंग अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और आगामी समीक्षा तक अपनी रैंकिंग को 'ए' श्रेणी में पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम करें। डीएम ने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### 14 निर्माणाधीन परियोजनाएं अधूरी मिलने पर नाराज

जिलाधिकारी ने 05 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन एवं लंबित परियोजनाओं की कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने समीक्षा के दौरान जिले में 14 परियोजनाएं अब तक अपूर्ण पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों कोजवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर, पर्यटन विभाग की दो परियोजनाएं, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेलहरी सहित कुल 14 परियोजनाओं के अधूरे होने की जानकारी सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन स्तर पर पत्र भेजा जाए।

## खबर एक नजर

### जनपद में यूरिया-डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता : उदय शंकर



**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन-2026 के दौरान किसानों को समय से एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद के 1003 निजी क्षेत्र के फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर 12,586 मीट्रिक टन यूरिया, 2,805 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3,001 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध हैं। वहीं 168 सहकारी क्षेत्र के फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर 3,412 मीट्रिक टन यूरिया, 625 मीट्रिक टन डीएपी एवं 741 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों को वितरण हेतु उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जनपद के सहकारी एवं निजी क्षेत्र के बफर गोदामों में 3,325 मीट्रिक टन यूरिया, 3,444 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3,692 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध हैं। इन उर्वरकों का मांग के अनुरूप फुटकर विक्रय केंद्रों पर लगातार प्रेषण किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों में स्थित उर्वरक विक्रय केंद्रों से किसानों को प्रति हेक्टेयर 7 बोरी यूरिया तथा 5 बोरी फास्फेटिक उर्वरक निर्धारित मानकों के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है तथा पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे उर्वरक खरीदने के लिए अपने निकटतम उर्वरक विक्रय केंद्र पर आधार कार्ड एवं फार्मर आईडी के साथ जाएं तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक क्रय करें। साथ ही पीओएस मशीन से प्राप्त कैश रसीद के अनुसार ही उर्वरकों का भुगतान करें, जिससे पारदर्शिता एवं सुगमता बनी रहे।

### 15 दिवसीय माटीकलां शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु करे आवेदन

**बलिया।** बताया जाता है कि जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संस्कृति गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश माटीकलां बोर्ड द्वारा संचालित माटीकलां समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 15 लाभार्थियों के चयन हेतु जनपद बलिया को लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र धर्मागतपुर रतनपुरा जनएद मऊ में आवासीय एवं निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हो वह अपना आवेदन पत्र उ0 प्र0 माटीकला बोर्ड, के वेबासाइट 222.ह्वश्चद्वड्डह्लद्बद्मड्डद्यड्डड्ढश्रड्डह्म्स्र.द्बठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करने हेतु दिनाक 20.05.2026 तक निर्धारित था परन्तु पर्याप्त आवेदन प्राप्त न होने के कारण आवेदन करने की तिथि 20.05.2026 से बढ़ाकर 10.06.2026 किया जाता है। प्रशिक्षण अवधि में रू0 250 प्रतिदिन की दर से प्रशिक्षुवृति भी प्रदान की जायेगी। आवेदन करते समय फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति अपलोड करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की मूल प्रति अपलोड किये गये दस्तावेज के साथ संलग्न कर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय रामपुर उदयमान बलिया में जमा करना आवश्यक होगा।

### पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़** जिले की पवई पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में नामजद अभियुक्त अर्जुन पुत्र रत्तीलाल, निवासी ग्राम कोहड़ा, थाना पवई, जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । दिनांक 01.06.2026 को थाना पवई पर प्राप्त तहरीर के आधार पर एक अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभियुक्त द्वारा रात्रि के समय घर में प्रवेश कर पीड़िता के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ की गई तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पवई पर मु0अ0सं0 128/2026 धारा 74/333/351(3) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। दिनांक 02.06.2026 को उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्रा मय हमराह पुलिस बल के क्षेत्र में मौजूद थे कि मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे से संबंधित नामजद अभियुक्त अर्जुन पुत्र रत्तीलाल,निवासी ग्राम कोहड़ा, थाना पवई, जनपद आजमगढ़, उम्र करीब 20 वर्ष को बागबहार नहर पुलिया चौराहे के पास मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को घेराबंदी कर समय करीब 06¬30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### एसडीएम बनी नंदिनी शाह, पदभार ग्रहण किया

**लालगंज (आजमगढ़)** स्थानीय तहसील के उपजिलाधिकारी पद पर मंगलवार को नंदिनी शाह ने पदभार ग्रहण किया। उपजिलाधिकारी के पद पर कार्यरत राजकुमार बैठा के कार्यों से अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी थी । काफी दिनों से अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत चल रहे थे।उनका स्थानांतरण उपजिलाधिकारी न्यायिक बूढ़नपुर के पद पर कर दिया गया । 6 माह से अवकाश पर चल रही नंदिनी शाह को लालगंज उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात किया गया।

# रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण (रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट) की सफल शुरुआत

## पूर्वांचल में पहली बार अमेरिकन कोरी रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण की शुरुआत



**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देवरिया जनपद ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। शहर के न्यू कॉलोनी स्थित गुलाम हॉस्पिटल में पूर्वांचल के पहले रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण (रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट) की सफल शुरुआत की गई है। इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से अब मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण के लिए दिल्ली, मुंबई या लखनऊ जैसे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें यह सुविधा देवरिया में ही उपलब्ध होगी। इस संबंध में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गुलाम रसूल ने बताया कि उनके अस्पताल में अमेरिका निर्मित अत्याधुनिक कोरी (ष्टह्रक्रढ्ढ) रोबोटिक सिस्टम के माध्यम से सफलतापूर्वक घुटना प्रत्यारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक पूर्वांचल क्षेत्र में पहली बार शुरू की गई है, जो मरीजों को अधिक सटीक, सुरक्षित और बेहतर परिणाम प्रदान करेगी।डॉ. रसूल ने बताया कि इस रोबोटिक प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता इसकी रियल टाइम इमेजिंग तकनीक है, जिसके लिए किसी प्रकार की सीटी स्कैन या एमआरआई की आवश्यकता नहीं पड़ती। ऑपरेशन के दौरान मशीन मरीज के घुटने की स्थिति का तत्काल आकलन कर सर्जरी को अधिक सटीक बनाती है। इस दौरान संजय पांडेय सहित हॉस्पिटल के अन्य चिकित्सक एवं कर्मी भी मौजूद रहे।

# शिक्षा क्षेत्र में निपुण बनाने के लिए टीमभाव से सभी करें कार्य

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारियों से टीम भावा के साथ कार्य करते हुए जनपद को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवं निपुण बनाने में योगदान देने का आह्वान किया।जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरूकता पर जोर देते हुए विद्यालयों में नियमित रूप से शिक्षक-अभिभावक बैठक (पीटीएम) आयोजित करने तथा अभिभावकों को विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित किया जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिक्षक को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। साथ ही शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विद्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था, विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी, विद्यालयों के आधारभूत ढांचे के विकास तथा छात्र-छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने से संबंधित समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से सकारात्मक सोच के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को यह संदेश देना चाहिए कि परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे अभिभावकों का विश्वास बढ़ेगा और नामांकन में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों का निरीक्षण सकारात्मक रूप से हो एवं सुधार भी इसी तरीके से लाना चाहिए। मानिटरिंग भी सहयोगात्मक स्वभाव से किया जाए, जिससे बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता ब? इसके लिए सभी को कार्य करना चाहिए। बैठक में उप खंड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा सहित बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक संघ के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आपूर्ति विभाग की समीक्षा में डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा, आपूर्ति विभाग, डिप्टी आरएमओ तथा मंडी समिति से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली समीक्षा बैठक तक कार्यों की प्रगति में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को फार्मर आईडी निर्माण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले इस अभियान में सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं एवं परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निर्धारित मानकों एवं पैरामीटरों में संतृप्तिकरण की दिशा में कार्य किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रिक्त उचित दर दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 18 उचित दर दुकानें रिक्त थीं, जिनमें से सर्वाधिक समय से रिक्त चल रही पांच दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। शेष रिक्त दुकानों के आवंटन हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।डिप्टी आरएमओ से संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठान एवं वितरण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गेहूं खरीद एवं उससे संबंधित लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।मंडी समिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा मंडी समिति द्वारा संचालित सभी कार्यों एवं योजनाओं को प्राथमिकता के साथ संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।जलाधिकारी ने कहा कि खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा, डिप्टी आरएमओ तथा मंडी समिति से जुड़े सभी विभाग सीधे किसानों, उपभोक्ताओं एवं आमजन से संबंधित हैं। इसलिए इनके कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचाना सुनिश्चित करें।आयोजित बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ), डिप्टी आरएमओ, सचिव मंडी समिति, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित राष्ट्र निर्माण के प्रमुख स्तंभ विषय पर व्याख्यान सम्पन्न

**आजमगढ़ ।** 99 यू पी बटालियन एन सी सी के दस दिवसीय एनसीसी कैम्प के आठवें दिन आयोजित प्रेरक व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. मुकुल दत्त पाण्डेय ने ÷एकता और अनुशासन¬विकसित राष्ट निर्माण के प्रमुख स्तंभ÷ विषय पर कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्टीय एकता और अनुशासन किसी भी विकसित राष्ट के दो प्रमुख स्तंभ हैं। भारत को विकसित राष्ट बनाने में युवाओं, विशेषकर एनसीसी कैडेटों की महत्वपूर्ण भूमिका है । डॉ. पाण्डेय ने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और राष्टभक्ति का सशक्त मंच है। उन्होंने कैडेटों से अनुशासित जीवन शैली अपनाने, समय का सदुपयोग करने तथा राष्टीय हित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।अपने व्याख्यान में उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि जब युवा एकता, कर्तव्यनिष्ठा और आत्मानुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हैं, तभी राष्ट प्रगति के नए आयाम स्थापित करता है। व्याख्यान में, स्वास्थ्य और आर्थिकी की दृष्टि से उन्होंने श्री अन्न के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विविधताओं से भरे भारतीय समाज में सामाजिक समरसता और राष्टीय एकजुटता को विकास का आधार बताया।कार्यक्रम के अंत में कैडेटों ने राष्ट निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। व्याख्यान का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ0 पंकज सिंह ने किया तथा आभार ज्ञापन कैप्टन डॉ0 इंद्रजीत ने किया।

# एसडीएम राजकुमार बैठा के स्थानांतरण पर खुशी में अधिवक्ताओं ने बांटी मिठाई

**लालगंज (आजमगढ़ )** स्थानीय दी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष नगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एसडीएम राजकुमार बैठा का स्थानांतरण उप जिलाधिकारी न्यायिक बूढ़पुर के पद पर होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया। ज्ञात हो कि अधिवक्ता गण पिछले दो महीने से राज कुमार बैठा एस डी एम लालगंज के स्थानांतरण की मांग को लेकर उनके कोर्ट का बहिष्कार कर रहे थे ?। एस डी एम लालगंज के स्थानांतरण का समाचार ज्ञात होते ही अधिवक्ताओं तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया।दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नगेन्द्र सिंह ने कहा कि राज कुमार बैठा जी बसपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे। वह जनविरोधी, अधिवक्ता विरोधी थे। उनमें प्रशासनिक क्षमता का अभाव था।उनकी कार्यशैली से हम सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश था ?। इसलिए हम लोग उनके स्थानांतरण की मांग कर रहे थे। जिलाधिकारी महोदय ने हम लोगों की मांग पर विचार करते हुए उनका स्थानांतरण ही नहीं किया बल्कि उनको उप जिलाधिकारी न्यायिक बूढ़नपुर पद पर भेजा है। उनके स्थान पर नन्दिनी शाह को उप जिलाधिकारी लालगंज बनाया गया है। इस अवसर पर दी बार के अध्यक्ष नगेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह खन्ना, पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह तिलखरा, महामंत्री सुनीष कुमार श्रीवास्तव,सन्तोष सिंह एडवोकेट, अशोक राय, मण्डल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेश सिंह, कृष्ण कुमार मोदनवाल, शिवेंद्र राय, सुधांशु सिंह,विनय चतुर्वेदी, देवेन्द्र पाठक, विजय प्रजापति, पारस यादव आदि लोग विशेष रूप से उपस्थित थे।

# एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार का अंतिम तकनीकी निरीक्षण शुरू



**आजमगढ़ ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) की एक उच्च स्तरीय समिति इस समय आजमगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर है । 01 जून से 03 जून तक चलने वाले इस दौरे का उद्देश्य यहाँ नए स्थापित किए गए %एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार% का अंतिम %साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट% (स्न्ञ्ज) यानी तकनीकी निरीक्षण पूरा करना है। इस निरीक्षण टीम में मौसम केंद्र लखनऊ के निदेशक डॉ. मनीष रनालकर, वाराणसी एयरपोर्ट मौसम कार्यालय के प्रभारी मनीष राय और ढ्ढरूष्ठ के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल हैं। इस अत्याधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए श्री मनीष राय ने कहा कि आजमगढ़ का यह रडार स्थानीय स्तर पर मौसम की निगरानी के लिए एक बड़ा गेम-चेंजर साबित होगा। चालू होने के बाद, यह रडार वास्तविक समय (रियल-टाइम) में वायुमंडल में होने वाले बदलावों को ट्रैक करेगा। इससे भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधियों जैसी गंभीर मौसमी गतिविधियों की बिल्कुल सटीक और समय रहते चेतावनी मिल सकेगी, जिससे स्थानीय प्रशासन और आम जनता को आपदाओं से निपटने में मदद मिलेगी। यह रडार क्षेत्र के मौसम निगरानी नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ढ्ढरूष्ठ के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के पूरे पूर्वांचल क्षेत्र को बेहतर कवरेज देने के लिए देवरिया और प्रयागराज में भी इसी तरह के अत्याधुनिक मौसम रडार स्थापित किए जाएंगे।लखनऊ मौसम केंद्र के निदेशक डॉ. मनीष रनालकर ने इस परियोजना के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार से मिले निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस नए रडार नेटवर्क की मदद से ढ्ढरूष्ठ अब पूरे क्षेत्र के लिए और अधिक सटीक पूर्वानुमान और त्वरित मौसम चेतावनियाँ जारी कर सकेगा। साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट% के दौरान जनपद आजमगढ़ प्रशासन की तरफ से अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) श्री गंभीर सिंह, तहसील सगड़ी से उप जिलाधिकारी श्री श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार श्री नवीन निश्चल त्रिपाठी एवं आपदा विशेषज्ञ डॉक्टर चंदन कुमार उपस्थित रहे।

